राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 06 जुलाई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में आज प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रभारी राजस्थान श्री अजय माकन तथा एआईसीसी सचिव व सह प्रभारी राजस्थान श्री तरूण कुमार भी सम्मिलित हुए।

बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि आज देश दो प्रकार के संकट का सामना कर रहा है, देश की जनता कोरोना महामारी से पीड़ित है, हजारों परिवारों में परिजनों की मृत्यु हुई है, सैंकड़ों बच्चे अनाथ हो गए, बहुत सी महिलाएं विधवा हो गई है लोगों की नौकरिया चली गईं, लोगों को पेट भरने का संकट उत्पन्न हो गया है, साथ ही बच्चे पढ़ाई को तरस रहे है। ऐसी परिस्थिति में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी के निर्देश पर कांग्रेस द्वारा वैश्विक महामारी के कारण पीड़ित परिवारों की सहायता करने हेतु आऊटरीच कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमेटी द्वारा इस कार्यक्रम के तहत् 2500 से अधिक कोरोना वारियर्स अब तक तैयार कर लिए गए है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी कोरोना वारियर्स प्रदेश के सभी ब्लॉक एवं गाँव व ढाणियों में जाकर कोरोना पीड़ित परिवारों से सीधा सम्पर्क कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त करेंगे तथा राज्य सरकार द्वारा कोरोना पीड़ितों के हित में चलायी जा रही राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना वारियर्स के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की जो सूचना एकत्रित होगी उसका विश्लेषण कर इन परिवारों को सहायता प्रदान करवाने हेतु सरकार से योजना बनाने तथा वर्तमान योजनाओं का दायरा बढ़ाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा कोरोना महामारी से निपटने हेतु बेहतरीन प्रबन्धन किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन का भी दायित्व है कि आज की परिस्थितियों में आमजन तक पहुँचकर उनकी सहायता की जाए तथा पीड़ितों को प्रदान की जाने वाली सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता प्रदेशभर में अपने स्तर पर पीड़ित व असहाय लोगों को आर्थिक मदद एवं सहायता प्रदान कर रहे हैं।

श्री डोटासरा ने कहा कि देश में दूसरी सबसे बड़ी समस्या जिसका आमजन को सामना करना पड़ रहा है वह बढ़ती महँगाई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस के दाम आसमान पर पहुँच गए है। इसी के परिणामस्वरूप देश में खाद्य तेल, लोहा, अनाज, सब्जियाँ व फल आम आदमी की पहुँच से दूर हो गए है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता केन्द्र सरकार की तानाशाहीपूर्ण नीतियों से त्रस्त है तथा राहत के लिए कांग्रेस की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश में 07 जुलाई से 17 जुलाई, 2021 तक देश में बढ़ती महँगाई एवं पेट्रोल-डीजल तथा रसोई गैस के दामों में कमी करने की माँग को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा केन्द्र सरकार के विरूद्ध व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस